2020/00203

फर्द अहकाम

(नियम 26)

# न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

**प्रार्थी / अपीलांट** | **बनाम** | **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री ललित मेघवाल पुत्र श्री मन्छाराम
जाति मेघवाल
निवासी पुरानी बस्ती नई टंकी के पास सुमेरपुर
जिला पाली

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 05 वर्ष 2020

| दिनांक हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए |
|---|---|---|
| 07.08.2020 | अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम. सिरोही को दिनॉक 10.03.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि उसके द्वारा वन विभाग कार्यालय सिरोही के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की 10.02.2020 की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक की रिकॉर्डिंग संबंधित लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं ।<br>मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिराही को दिनॉक 01.06.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया गया था कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम. सिरोही को दिनॉक 10.03.2020 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि उसके द्वारा वन विभाग कार्यालय सिरोही के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की 10.02.2020 की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक की रिकॉर्डिंग की सूचना उन्हे निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नही कराई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी ए.ड़ी.एम सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो ।<br>Signature Not Verified<br>Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal<br>Date: 2021.01.12 16:47:08 IST<br>Reason: SelfAttested<br>(भगवती प्रसाद)<br>जिला कलक्टर, सिरोही | 211-13<br>13/8/20 |

Scanned with CamScanner